**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा**

Tel. no.-06341-223812, 8986915300
E-mail- rwdsheikhpura20@gmail.com

पत्रांक 1242 /                                                    शेखपुरा, दिनांक 13/08/2024 /

प्रेषक,

ई0 विमल कुमार,
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा।

सेवा में,

श्री रामानन्द सिंह (संवेदक),
ग्राम--मराजपुर, पोस्ट–मरांची,
थाना--मरांची, जिला–पटना।

विषयः- शीर्ष–MMGSY WB योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथों में अनुरक्षण कार्य कराने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक कहना है कि शीर्ष–MMGSY WB योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथ का स्थल निरीक्षण संबंधित अधोहस्ताक्षरी को BRRMS App के माध्यम से किया जाना निर्धारित है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

1. **जलधा स्थान से कटारी पथ।**

उल्लेखित पथ के दोनो Shoulder पर बड़े बड़े घास/झाड़ी उगे हुए हैं एवं Road Marking मिट गया है, एव पथ के पूरी लम्बाई में एक भी 200m Stone, KM Post तथा एक भी Road Signage लगा हुआ नहीं है। सबसे गंभीर बात यह है कि आपके द्वारा कराये गए B.T. Surface के दोनों किनारे में घांस उग जाने के कारण B.T. Surface की चौड़ाई 3.75m से कम हो गया है जिसमें सुधार की आवश्यकता है। पूर्व में भी आपको पथ में मरम्मति कार्य कराने हेतु निदेशित किया गया था, परन्तु आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नहीं कराया गया है। आपके द्वारा किये गए एकरारनामा के अनुसार उल्लेखित त्रुटियों को ससमय सुधार कराना आपकी पूर्ण जबावदेही है।

अतः निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर पथ में उल्लेखित सभी आवश्यक कार्य संबंधित कनीय अभियन्ता के देख–रेख में पूर्ण कराकर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करें, अन्यथा वाध्य होकर एकरारनामा में अंकित सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन
13.8.24
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
शेखपुरा